SAMSUNG

# सैमसंग ने बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ओपेरा हाउस में लॉन्च किया दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपीरियंस सेंटर

*ओपेरा हाउस बनेगा बेंगलुरु का इनोवेशन, लाइफस्टाइल, एंटरटेनमेंट और कल्चर हब, स्टार्टअप और टेक इवेंट्स भी किए जाएंगे आयोजित*

**बेंगलुरु, भारत, 11 सितंबर 2018**- सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज भारत की टेक राजधानी बेंगलुरु में दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपीरियंस सेंटर खोलने की घोषणा की है। ब्रिगेड रोड पर प्रतिष्ठित ओपेरा हाउस, जहां दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपीरियंस सेंटर खोला गया है, को पुनर्निर्मित करके एक शानदार आर्किटेक्चर के रूप में स्थापित किया गया है। सैमसंग ओपेरा हाउस लोगों को अनोखा अनुभव प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी, लाइफस्टाइल और इनोवेशन को एक साथ लेकर आएगा।

देश में अपनी तरह का पहला सैमसंग ओपेरा हाउस सैमसंग के #DiscoverTomorrowToday के दर्शनशास्त्र के आधार पर तैयार किए गए प्रोडक्ट एक्सपीरियंस को प्रदर्शित करेगा। यह एक्सपीरियंस बदलाव लाने वाली टेक्नोलॉजी जैसे वर्चुअल रिएलिटी (वीआर), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के ईर्द-गिर्द तैयार किए गए हैं, जिसमें सैमसग दुनियाभर में अग्रणी है।

सैमसंग ओपेरा हाउस शहर के उन युवाओं के लिए एक ज़रूर देखे जाने वाला डेस्टिनेशन होगा, जो रोमांचक टेक-इनेबल्ड एक्सपीरियंस और एंटरटेनमेंट की तलाश में रहते हैं। यहां वीआर एक्सपीरियंस जैसे 4D स्वे चेयर या फिर विपलैश पल्सर 4D चेयर का अनुभव लिया जा सकेगा, जो 360 डिग्री थ्री-डाइमेंशनल मूवमेंट्स लेने में सक्षम है। आप एयरक्राफ्ट स्टंट करते हुए फाइटर पायलेट बन सकते हैं, या अंतरिक्ष में युद्ध का या एक रोलर कोस्टर राइड का अनुभव ले सकते हैं।

जो लोग कायाकिंग या रोइंग में दिलचस्पी रखते हैं, उनके लिए एक खास वीआर एक्सपीरियंस इंतज़ार कर रहा है। फिटनेस प्रेमी यूरोप की वादियों में साइकिल चला सकते हैं, वो भी साथ में किसी दोस्त के साथ रेस लगाते हुए।

उपभोक्ता अपने परिवार के साथ फिल्म या शो देखने के लिए सेंटर के होम थिएटर ज़ोन को प्री-बुक भी कर सकते हैं।

सैमसंग ओपेरा हाउस का उद्देश्य बेंगलुरु का इनोवेशन, लाइफस्टाइल, एंटरटेनमेंट और कल्चर हब बनना है, जहां के विशाल प्लाज़ा एरिया में साल भर फिटनेस, फोटोग्राफी, गेमिंग, म्यूज़िक, मूवीज़, फूड, स्टैंड-अप कॉमेडी, टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सैमसंग द्वारा हाल ही में शहर में किए गए एक सर्वे के मुताबिक बेंगलुरु के अधिकांश नागरिकों (81%) का कहना है कि उनके पास कम से कम एक 'गेम चेंजर' आइडिया रहा है, जो भारत के लोगों के कार्य-जीवन और आरामदायक जीवन में बदलाव ला सकता है, लेकिन हर तीन में से एक व्यक्ति किसी ऐसी जगह के बारे में नहीं जानता, जहां वह अपने जैसे लोगों और मेंटर से मिल सकें और अपने आइडिया को आगे ले जा सकें।

**सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ श्री एचसी हॉन्ग** ने कहा, '*आज के उपभोक्ता, खासतौर से युवा, अनोखे एक्सपीरियंस चाहते हैं। वह ब्रैंड के साथ इंटरैक्ट करने के साथ उसे छूना, महसूस करना और बनाना चाहते हैं। सैमसंग ओपेरा हाउस इसी के बारे में है। हमने पहले कभी नहीं देखे गए एक्सपीरियंस यहां तैयार किए हैं जो सभी आयु के लोगों को रोमांचित करेंगे। ओपेरा हाउस में वर्कशॉप, एक्टिविटीज़ और इवेंट्स का भी आयोजन किया जाएगा, जो सैमसंग के इनोवेशन के साथ लोगों के जुनून को भी साथ लेकर आएगा। हमें इस जगह पर हुए बदलाव पर गर्व है।*

सैमसंग द्वारा इस साल जुलाई में नोएडा में दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल फैक्टरी का उद्घाटन करने के दो महीने के भीतर भारत में दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया गया है, जिससे भारत के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को और मज़बूती मिली है।

SAMSUNG

33,000 वर्गफुट में फैली इस संपत्ति पर जहां ब्रिटिश काल में प्ले और ओपेरा का आयोजन किया जाता था, को दो साल के अंदर पुनर्निर्मित किया गया है और इसके शानदार वास्तविक स्वरूप और सुंदरता को बाहर से वैसा ही रखा गया है। वहीं अंदर से, मॉर्डन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए एक मॉर्डन एक्सपीरिएंशियल स्पेस तैयार किया गया है।

एक्सपीरियंस सेंटर में सैमसंग अपने स्मार्टफोन और वियरेबल डिवाइस की पूरी रेंज के साथ ही फ्लैगशिप कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स जैसे क्यूएलईडी टीवी, स्मार्ट टीवी, द फ्रेम और फैमिली हब रेफ्रिजरेटरर्स को प्रदर्शित करेगा। होम अप्लाइंसेस ज़ोन में किचन सेटअप होगा, जहां शेफ सैमसंग स्मार्ट ओवन का उपयोग करते हुए लाइव कुकिंग डेमो देंगे।

दुनिया में अपने सबसे बड़े मोबाइल एक्सपीरियंस सेंटर में सैमसंग ने 24 फुट की दीवार पर एक्सेसरीज़ का अब तक का सबसे बड़ा डिस्प्ले लगाया है, जिसमें केस, कवर और पावर बैंक मौजूद हैं। यहां उपभोक्ताओं को एक्सेसरीज़ के लिए अनोखे कस्टमाइज़ेशन ऑप्शन दिए जाएंगे, जैसे स्क्रीन प्रोटेक्शन के लिए मिलिट्री स्ट्रेंथ स्किन का इंस्टालेशन और 360 डिग्री बॉडी प्रोटेक्शन। वह यहां से चुने गए मोबाइल कवर पर कोई भी डिज़ाइन या कंटेंट की लेज़र एंग्रेविंग करवा सकते हैं। यहां हरमन कार्डन, जेबीएल और सैमसंग ऑडियो प्रोडक्ट्स की भी रेंज उपलब्ध कराई जाएगी।

सैमसंग ओपेरा हाउस में एक पूरी तरह से कार्यरत सर्विस सेंटर भी होगा और यह हाई स्पीड पब्लिक वाई-फाई से सुसज्जित है।

लोगों की क्या जरूरत है और वो क्या चाहते हैं इसकी गहरी समझ हासिल करते हुए कल को बेहतर बनाने के लिए अपनी टेक्नोलॉजी के साथ सैमसंग आज इनोवेट करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले साल कंपनी ने दुनियाभर में अनुसंधान और विकास पर 15 बिलियन डॉलर खर्च किए और वह लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद के लिए नेक्स्ट-जेन टेक्नोलॉजी जैसे IoT, AI और 5G पर काम कर रही है।

भारत में, सैमसंग के दो विनिर्माण संयंत्र, पांच आरएंडी सेंटर और एक डिजाइन सेंटर है। सैमसंग का पहला आरएंडी सेंटर 1996 में बेंगलुरु में स्थापित किया गया था। आज सैमसंग आरएंडी इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु (एसआरआई-बी) कंपनी का कोरिया के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा आरएंडी सेंटर है। एसआरआई-बी वैश्विक उत्पादों के साथ ही साथ सैमसंग के 'मेक फॉर इंडिया' इनीशियेटिव के तहत स्थानीय इनोवेशन में अपना योगदान दे रहा है।

सैमसंग के पास 180,000 रिटेल पार्टनर्स और 2,100 सैमसंग ब्रैंड स्टोर के साथ देश में सबसे बड़ा रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क है।

**सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड के बारे में**

सैमसंग अपने बदलावपूर्ण आइडिया और तकनीक के साथ दुनिया को प्रभावित और भविष्य का आकार प्रदान करता है। कंपनी ने टीवी, स्मार्टफोन, वियरेबल डिवाइसेस, टैबलेट, डिजिटल उपकरण, नेटवर्क सिस्टम और मेमोरी, सिस्टम एलएसआई, फाउंड्री और एलईडी सॉल्यूशंस की दुनिया को नए सिरे से परिभाषित किया है। सैमसंग इंडिया से जुड़ी ताजा खबरों के लिए, सैमसंग इंडिया न्यूजरूम http://news.samsung.com/in पर जाएं। हिंदी के लिए सैमसंग नयूजरूम भारत https://news.samsung.com/bharat पर लॉगऑन करें। आप हमें ट्विटर @SamsungNewsIN पर भी फॉलो कर सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**


रवि तेजा शर्मा
सैमसंग साउथवेस्ट एशिया
ईमेल:: raviteja.s@samsung.com

रंजिनी चलाम
ऐडफैक्टर्स पीआर
ईमेल:: ranjini.chalam@adfactorspr.com
फोन: +91-9910874088